Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding holding of meetings of DSisha Committees at district level to monitor the fund allocation for government schemes in Ghazipur, Uttar Pradesh.

श्री अफजाल अनसारी (गाजीपुर): सभापति महोदया, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं ताकि आप संसदीय कार्यमंत्री को इस संबंध में दिशा-निर्देश दें ।

महोदया, सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उन योजनाओं के अनुरूप जो गाइडलाइंस तय हुई हैं, जो बजट गया है और जो काम हो रहे हैं, उनकी समीक्षा के लिए पूरे देश में जनपद स्तर पर दिशा कमेटीज बनी हैं । दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व में कोरोना काल में सारी व्यवस्थाएं ठप्प रहीं । हमारे देश में भी ऐसा ही रहा । अब जबकि बहुत हद तक इस सबसे कुछ उभरा जा चुका है, इस दौरान दिशा कमेटी की बैठकें कुछ जनपदों में हो रही हैं, लेकिन कुछ जनपदों में ऐसा लगता है कि एजेंडे से ही हटा दिया गया है । कैसे पता चलेगा कि हमारे विभागों के अधिकारीगण, जो बजट गया, उस पैसे का किस तरह से उपयोग किया गया? जनता में तरह-तरह की भ्रांतियां फैल रही हैं । जनप्रतिनिधि जवाबदेह हैं । लेकिन जब उनके बीच में जाइए तो तमाम तरह के सवाल खड़े होते हैं ।

माननीय सभापति : आप क्या चाहते हैं, वह बोलिए ।

श्री अफजाल अनसारी : मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि जिन सरकारी योजनाओं का बजट जनपद में गया है, उनकी समीक्षा के लिए दिशा की बैठक नियमों के अनुसार आहूत की जाए । मैं गाजीपुर से आता हूं और अभी तक मात्र एक बार दिशा की बैठक हुई है ।

माननीय सभापति : आपकी बात रिकॉर्ड पर आ गयी है ।

श्री रमेश बिन्द ।